पंजीयन क्र. ग्वा.सं. 2943 दिनांक 02.09.1995

ISO 9001:2008, 14001:2004 OHSAS 18001:2007

# लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर

# Lakshmibai National Institute of Physical Education, Gwalior

Deemed to be University, Ministry of Youth Affairs & Sports, Government of India
(Declared vide Govt. of India MHRD Notification NO. F.9-14/92-U.3 dated 21.09.1995
under section 3 of UGC Act, 1956)

क्र. ८5/मन/322/2024/1761

दिनांक 12/12/2024

सेवा में,

मैसर्स एलाइन एड्स,
24-25, शास्त्री मार्केट, पडाव,
ग्वालियर (म.प्र.)

विषय-फ्लैक्स/बैनर के कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशित किये जाने बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत अधोहस्ताक्षरकर्ता के निर्देशानुसार संलग्न फ्लैक्स/बैनर के कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक PC/27/24-24/194(एच) दिनांक 09.12.2024 को दैनिक भास्कर, पत्रिका एवं राज एक्सप्रेस ग्वालियर संस्करण (full edition) में शीघ्रति-शीघ्र न्यूनतम आकार में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें।

भुगतान हेतु बिल दो प्रतियों में विज्ञापन के साथ भेजने की कृपा करें।

भवदीय,

12/12/2024

(डॉ. संजीव यादव)
कुलसचिव प्रभारी

संलग्न- उपरोक्तानुसार।

शक्तिनगर, रेसकोर्स रोड, ग्वालियर- 474002 (म.प्र.), दूरभाष: 0751-2440903
Shakti Nagar, Racecourse Road, Gwalior - 474002 (M.P.), Phone: 0751-2440903
email: registrar@lnipe.edu.in, website: www.lnipe.edu.in

# लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर

(सम विश्वविद्यालय)

क्रंमाक: PC/27/24-25/194 CH) दिनांक 09/12/2024

**फ्लैक्स/बैनर के कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर में वर्ष भर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों यथा दीक्षांत समारोह, स्थापना दिवस, कॉन्फ्रेंस, खेल प्रतियोगिता इत्यादि के आयोजन के दौरान विभिन्न स्थानो पर फ्लैक्स/ बैनर से संबंधित कार्यो के लिये वार्षिक दर अनुबंध हेतु संबंधित क्षेत्र में अनुभवी फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | कार्य का विवरण | धरोहर राशि | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक/समय | तकनीकी निविदा खोले जाने की दिनांक/समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फ्लैस / बैनर संबंधित समस्त कार्य | 50,000/- (पचास हजार रुपये केवल) | दि. 30 दिसम्बर, 2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक | दि. 30 दिसम्बर, 2024 अपरान्ह 3.30 बजे तक |

निविदा प्रपत्र विस्तृत शर्तो सहित संस्थान की बेवसाइट www.lnipe.edu.in और www.eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इस निविदा प्रपत्र को डाउनलोड कर, कुलसचिव, लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान के नाम से संस्थान में "फ्लैक्स/बैनर संबंधित समस्त कार्य" लिफाफे पर अंकित कर बयाना राशि/विड सिक्यारिटी रूपये 50,000/-रूपये (रूपये पचास हजार केवल) के डिमाण्ड ड्राप्ट के साथ दिनॉक 30/12/2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक संस्थान के प्रशासकीय भवन के कक्ष क्रमॉक 105 में स्थित निविदा बॉक्स में डाला जा सकता है अथवा मुहरबंद निविदायें पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा कुलसचिव, लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर को इस प्रकार भेजी जावें, जिससे उपरोक्त समय अवधि में संस्थान में प्राप्त हो जावे । निर्धारित दिनांक तथा समय के उपरांत प्राप्त निविदायें स्वीकार नहीं की जावेंगी। डाक में बिलम्व के लिये संस्थान उत्तरदायी नहीं होगा । निविदा दिनॉक 30/12/2024 को अपरान्ह 03.30 बजे लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर में खोली जावेंगी। निविदाकर्ता निविदा खोले जाने के नियत स्थान एवं समय पर उपस्थित रह सकते हैं ।

09/12/2024

(डॉ. संजीव यादव)
कुलसचिव प्रभारी

# लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर

(सम विश्वविद्यालय)

फ्लैक्स / बैनर के कार्य हेतु निविदा

निविदा की सामान्य शर्तें

(तकनीकी बोली)

उपरोक्त निविदा एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर में वर्ष भर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों यथा दीक्षांत समारोह, स्थापना दिवस, कॉन्फ्रेंस, खेल प्रतियोगिता इत्यादि के आयोजन के दौरान विभिन्न स्थानो पर फ्लैक्स/ बैनर से संबंधित कार्यो के लिये वार्षिक दर अनुबंध हेतु संबंधित क्षेत्र में अनुभवी फर्मों से निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा की सामान्य शर्तें निम्नानुसार है:-

1. बोली लगाने वाली एजेंसियों को पात्र घोषित होने के लिए तकनीकी बोली के साथ दिए गए प्रारूप में निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियों के साथ विधिवत हस्तक्षरित/स्व-सत्यापित अनुलग्नक जमा करना आवश्यक है।

I. "रजिस्ट्रार, एलएनआईपीई, ग्वालियर में देय" के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में **50,000.00** रुपये (केवल पचास हजार रुपये) की ईएमडी।

II. बोली लगाने वाले के निगमन का प्रमाण पत्र (प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)।

III. सीजीएसटी/एसजीएसटी पंजीकरण (पिछली एक तिमाही के जीएसटी रिटर्न के साथ प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा।)

IV. आयकर स्थायी खाता संख्या (पैन)। (पैन कार्ड की प्रति संलग्न करनी होगी।)

2. निविदाकर्ता फर्म द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में फ्लैक्स/बैनर कार्य हेतु विविध स्थानों पर निरीक्षण करके कार्य की प्रकृति को समझा जाकर कार्य किया जायेगा। साथ ही उपरोक्त कार्य हेतु संबंधित फर्म द्वारा संस्थान के क्रय विभाग में कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

3. निविदाकर्ता फर्म को विभिन्न सरकारी विभाग/पीएसयू/संगठन/शैक्षिक संस्थान में पिछले 3 वर्ष सितम्बर 2024 तक (सितम्बर 2021 – सितम्बर 2024) के आयोजनों में फ्लैक्स/बैनर कार्य का कम से कम 03 वर्ष का अनुभव जो कि राशि रूपये 10 लाख का होना अनिवार्य है। तकनीकि बोली के साथ उक्त 03 वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में सरकारी विभाग/पीएसयू/संगठन/शैक्षिक संस्थान द्वारा प्रदान किये गये कार्य आदेश / अनुबंध / कार्यपूर्ण प्रमाण पत्र की प्रतियां अनिवार्यत: लगाया जाना है।

4. निविदाकर्ता फर्म को विगत तीन वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में तीन वर्ष का औसत टर्नओवर कम से कम 10 लाख होना अनिवार्य है। तकनीकि बोली के साथ चार्टर्ड एकाउण्टेंट द्वारा जारी उक्त तीन वित्तीय वर्षो का वार्षिक टर्नओवर प्रमाण पत्र अनिवार्यत: लगाया जाना है।

5. निविदाकर्ता फर्म को आयकर विभाग द्वारा जारी पैन नंबर की प्रति एवं एसेसमेंट वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में इनकम टैक्स रिटर्न की प्रति तकनीकी बोली के साथ अनिवार्यत: लगाया जाना है।

6. निविदाकर्ता फर्म को शॉप स्थापना एक्ट अथवा अन्य लागू अधिनियम के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी से पंजीकृत होना चाहिए ( तकनीकी बोली के साथ पंजीकरण की प्रति अनिवार्यत: लगाई जाना है) ।

7. सफल निविदाकार को धरोहर राशि हेतु रूपये 50,000/- का डीमांड ड्राफ्ट/ एफ.डी. की मूल प्रति अनिवार्यत: जमा करना है, जो कि कार्य संतुष्टिजनक पूर्ण किये जाने उपरांत वापसी योग्य है।

8. निविदाऐं एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर में एक मुख्य सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत की जानी चाहिए। जिसको प्रभारी क्रय के कार्यालय के बाहर रखे गए निविदा बॉक्स में दिनांक 30/12/2024 तक अपराहन् 03.00 बजे तक डाला जाना चाहिए। इसे स्पीड-पोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा भी भेजा जा सकता है और ऐसे मामलों में यह बोली लगाने वाले की जिम्मेदारी होगी कि वह दिनांक 30/12/2024 को अपराहन 03.00 बजे तक पहुंच जाए। निर्धारित समयासीमा में प्राप्त निविदाऐं दिनांक 30/12/2024 को 03.30 बजे फर्मों के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।

9. फर्म द्वारा फ्लैक्स / बैनर स्वंय के व्यय पर संस्थान के संबंधित विभागों / स्थानों तक पहुँचाने की व्यवस्था की जायेगी एवं इस हेतु संस्थान द्वारा परिवहन व्यय का भुगतान नहीं किया जायेगा। अत: परिवहन व्यय को जोडकर वित्तीय बोली में दर अंकित की जाये।

10. लिफाफा नं. 1 में आवश्यक दस्तावेजों के साथ 'अनुलग्नक-ए एवं अनुलग्नक-बी' के अनुसार विधिवत भरी हुई 'तकनीकी बोली' शामिल है। साथ ही लिफाफा नं. 2 में 'अनुलग्नक –सी' के अनुसार विधिवत भरी हुई वित्तीय बोली, उद्देश्य के लिए दिए गए स्थान में संख्यात्मक और शब्दों में दर/राशि दी जानी चाहिए और लिफाफे पर वित्तीय बोली लिखा होना चाहिए।

11. वित्तीय बोली 'अनुलग्नक-सी' प्रारूप में अलग लिफाफे में प्रस्तुत की जानी आवश्यक है ।

12. केवल तकनीकी रूप से योग्य बोलीदाताओं की वित्तीय बोली निर्धारित तिथि और समय पर खोली जाएगी, ऐसे बोलीदाताओं को अलग से दूरभाष अथवा पत्र के माध्यम से सूचित किया जायेगा।

13. वित्तीय बोली में प्रस्तुत दरें सभी करों सहित होनी चाहिए। अनुबंध की अवधि के दौरान कुछ भी अतिरिक्त दर देय नहीं होगी।

14. फ्लैक्स / बैनर की लोडिंग तथा फिटिंग कार्य हेतु श्रमिकों की व्यवस्था फर्म द्वारा की जाएगी। जिसमें लोडिंग चार्ज, अनलोडिंग चार्ज एवं फिटिंग चार्ज जोड़कर वित्तीय बोली में दर अंकित की जाएं।

15. यदि फ्लैक्स /बैनर की लोडिंग तथा फिटिंग कार्य के दौरान किसी श्रमिक के साथ कोई दुर्घटना घटित होती है, तो इसका समस्त उत्तरदायित्व फर्म का होगा।

16. फ्लैक्स/ बैनर के कार्य में नियोजित कर्मचारियों एवं श्रमिकों को श्रम नियम के अंतर्गत न्यूनतम वेतन अधिनियम के अधीन वेतन देने तथा ई.पी.एफ. एक्ट, ई.एस.आई.सी. एक्ट एवं कॉन्ट्रेक्ट लेबर एक्ट के प्रावधानों (इनमें से जो भी लागू हो) के अनुपालन का संपूर्ण उत्तरदायित्व फर्म का होगा। फर्म द्वारा बाल श्रमिकों से कार्य नहीं कराया जाएगा।

17. फ्लैक्स / बैनर के कार्य में किसी भी कारणवश हुए टूट-फूट की समस्त जिम्मेदारी फर्म की होगी एवं इस संबंध में फर्म का कोई भी दावा संस्थान द्वारा मान्य नहीं किया जाएगा।

18. निविदाकर्ता फर्म द्वारा वित्तीय बोली को भरने से पूर्व फ्लैक्स / बैनर कार्य की सूची एवं सामान्य शर्तों को अच्छी तरह से पढ़ा जाए। वित्तीय बोली में अंकित दरों में किसी भी तरह की काँट / छाँट नहीं की जाएगी।

19. निविदाकर्ता फर्म द्वारा सेफ्टी नॉर्म्स का सुनिश्चित रूप से पालन किया जायेगा।

20. फ्लैक्स / बैनर को लगाये जाने में आवश्यक उपकरण, सीढ़ी इत्यादि की व्यवस्था संबंधित फर्म को स्वंय के व्यय पर करनी होगी।

21. निविदाकर्ता फर्म को समस्त फ्लैस/ बैनर निर्धारित स्थान पर 04 घंटे की अवधि में उपलब्ध कराया जाना होगा। समय पर कार्य नहीं करने पर कोई भुगतान नहीं किया जावेगा।

22. निविदाकर्ता फर्म को फ्लैस/बैनर के साईज हेतु श्रमिक उपलब्ध कराये जाना होगा, जो कि विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर नाप प्रदाय करेंगे। साथ ही संबंधित फर्म द्वारा फ्लैस/बैनर इत्यादि की डिजायन स्वंय कराया जाकर संस्थान के क्रय विभाग से अनुमोदित कराया जाकर प्रिंट किये जावेंगे।

23. फ्लैक्स / बैनर इत्यादि सामाग्री का का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

| **S. No.** | **Item Details** |
|---|---|
| 1. | Flex MS Iron pipe with installation |
| 2. | Flex BB MS Iron pipe with installation |
| 3. | Eco Vinyl with 3 mm sun board |
| 4. | Eco Vinyl with 3 mm sun board both side |
| 5. | Glow sign board new |
| 6. | Flex Print with wooden frame |
| 7. | Flex Banner with pasting |
| 8. | Play Card (2.5x1 Sq. Ft.) Iron |
| 9. | Play Card (1.5x1 Sq. Ft.) Wooden |
| 10. | Eco Solvent Digital Vinyl with pasting |
| 11. | Name plate Acrylic |
| 12. | Name plate steel both side |

| | |
|---|---|
| 13. | Eco Solvent Digital Vinyl with 5 mm sun board both side |
| 14. | Eco Solvent Digital Vinyl with 5 mm sun board |
| 15. | Radium Vinyl with pasting |
| 16. | Backlit print with pasting & fitting old glow sign |
| 17. | Steel Letter |
| 18. | LED Light Letter |

24. सफल निविदाकार फर्म को संस्थान के साथ आगामी एक वर्ष के लिए स्वीकृत दरों पर फ्लैक्स / बैनर के कार्य को करने हेतु रूपये 100/- के स्टॉम्प पर अनुबंध करना होगा। सफल निविदाकर्ता की धरोहर राशि को सुरक्षा निधि में परिवर्तित होकर संस्थान के पास जमा रहेगी, जो कि अनुबंध समाप्ति के पश्चात निविदाकर्ता फर्म को वापिस की जायेगी।

25. यदि फर्म द्वारा प्रदाय किये गये फ्लैक्स / बैनर इत्यादि की गुणवत्ता ठीक नहीं पायी जाती है, या फिर फर्म द्वारा निविदा की शर्तों का उल्लघंन किया जाता है, तो संस्थान द्वारा सुरक्षा निधि को जब्त करके भुगतान की जाने वाली राशि में से यथोचित कटौती की जा सकेगी एवं फर्म का अनुबंध भी निरस्त किया जा सकेगा।

26. अनुबंधित फर्म को संस्थान के क्रय विभाग द्वारा कार्यादेश जारी किया जाएगा अथवा क्रय विभाग प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त करने उपरांत मौखिक आदेश प्रदान किया जाएगा। यदि फर्म द्वारा संस्थान द्वारा दिए गए आदेशानुसार तिथि एवं समय पर कार्य करने में किसी भी कारणवश असमर्थ रहती है, तो सुरक्षा निधि को जब्त करके अन्य फर्म से उक्त कार्य कराने का अधिकार कुलसचिव, ल.रा.शा.शि.संस्थान, ग्वालियर को होगा तथा ऐसी स्थिति में अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली निविदाकर्ता फर्म से की जाएगी।

27. सफल निविदाकर्ता को संस्थान द्वारा पत्र भेजकर एक सप्ताह की अवधि में अनुबंध निष्पादित करने के लिए सूचित किया जाएगा। यदि सफल निविदाकर्ता संस्थान द्वारा निर्धारित समयावधि में अनुबंध नहीं करता है, तो ऐसी स्थिति में धरोहर राशि जब्त करके निविदा में द्वितीय न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाली फर्म से संस्थान द्वारा अनुबंध किया जायेगा।

28. सफल निविदाकर्ता फर्म द्वारा कार्य आदेशानुसार समस्त कार्य स्वंय किया जाएगा। कार्य की सब्लेटिंग अथवा अन्य फर्म से कार्य कराया जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। यदि निविदाकर्ता द्वारा इसका उल्लघंन किया जाता है, तो फर्म का अनुबंध निरस्त करके सुरक्षा निधि जब्त की जा सकेगी एवं ऐसी स्थिति में अन्य फर्म से कार्य कराने पर अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली निविदाकर्ता फर्म से की जाएगी।

29. सफल् निविदाकर्ता को सुरक्षा जमा की राशि 50000/- (रूपये पचास हजार रूपये) की राशि डी.डी./बैंक गारंटी/एफ.डी.आर. के रूप में जमा कराई जा सकती है, जिसकी निविदा समाप्ति की अवधि के बाद 03 माह तक की अवधि तक की होनी आवश्यक है।

30. कुलसचिव, एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर को प्राप्त हुई किसी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना किसी कारण बताए हुए स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने का अधिकार होगा।

31. अनुबंध की अवधि केवल 1 वर्ष है। उक्त अनुबंध को संस्थान की संतुष्टि एवं ठेकेदार फर्म की सहमति के आधार पर समान दर और नियम और शर्तों पर वार्षिक आधार पर 2 वर्ष का विस्तार किया जा सकता है।

32. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय कुलपति, एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर का होगा।

33. न्यायालयीन विवाद की स्थिति में प्रकरण ग्वालियर न्यायालय के क्षेत्राधिकार में रहेगा।

कुलसचिव,

एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर

हमारी फर्म द्वारा उपरोक्त समस्त शर्तो को पढ़ लिया गया है, एवं हमारी फर्म द्वारा उक्त शर्तों के परिपालन हेतु अपनी सहमति देता हूँ।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

नाम ..........................................

सील ..........................................

<u>तकनीकी बोली</u>

# लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर

(सम विश्वविद्यालय)

**एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर में फ्लैक्स / बैनर के कार्य के लिए तकनीकी बोली**

| क्र. सं. | विवरण | दस्तावेज़ जमा किया गया है या नहीं | यहां जानकारी प्रदान करें | प्रतिलिपि पृष्ठ संख्या पर संलग्न है। |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदाकर्ता का पूरा नाम | हां /नहीं | | |
| 2 | रजिस्ट्रार, एलएनआईपीई, ग्वालियर के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/एफ.डी.आर./बैंक गारंटी के रूप में **50,000.00** रुपये की ईएमडी। | हां /नहीं | | |
| 3 | निविदाकर्ता का पूरा पता, फोन नंबर, ईमेल, वेबसाइट | हां /नहीं | | |
| 4 | बोली लगाने वाले की स्थिति, यानी. सार्वजनिक, निजी (लिमिटेड) / साझेदारी फर्म या मालिक फर्म (निगमन का प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना चाहिए) | हां /नहीं | | |
| 5 | सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी सीजीएसटी/एसजीएसटी अधिनियम पंजीकरण (पिछले एक तिमाही के जीएसटी रिटर्न के साथ पंजीकरण संलग्न किया जाना चाहिए) | हां /नहीं | | |
| 6 | आयकर विभाग द्वारा जारी स्थायी खाता संख्या (पैन) (पैन कार्ड की प्रतियां संलग्न करें) | हां /नहीं | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 | मार्च 2024 को समाप्त होने वाले पिछले तीन (3) वित्तीय वर्षों के दौरान औसत वार्षिक वित्तीय कारोबार कम से कम 10 लाख का होना चाहिए (आयकर रिटर्न के साथ इन तीन वित्तीय वर्षों की बैलेंस शीट के साथ एक पंजीकृत सीए द्वारा जारी किए गए टर्नओवर के प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें) | हां /नहीं | | |
| 8 | निम्नलिखित में से किसी एक द्वारा सरकारी विभाग/पीएसयू/ संगठन/ शैक्षिक संस्थान में 10 लाख के समान कार्य पिछले 3 वर्ष सितम्बर 2024 तक (सितम्बर 2021 – सितम्बर 2024) सफलतापूर्वक पूरा करने का अनुभव। | हां /नहीं | | |
| 9 | निविदाकर्ता के बैंक खाते का विवरण। (बैंक खाते का विवरण खाता विवरण के साथ संलग्न किया जाना चाहिए)। | हां /नहीं | खाता संख्या, खाते का प्रकार, आईएफएससी कोड, बैंक शाखा आदि। | |
| 10 | रु. 100/- के गैर-न्यायिक स्टाम्प के शपथ पत्र पर निम्नलिखित आशय की घोषणा प्रस्तुत करना आवश्यक है<br>(ए) बोली लगाने वाली कंपनी के मालिक/फर्म/साझेदार के खिलाफ किसी भी अदालत में कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है।<br>बी) बोली लगाने वाले ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान ईपीएफ, ईएसआईसी, जीएसटी, आयकर आदि जैसे वैधानिक बकाया के भुगतान में चूक नहीं की है।<br>(सी) बोली लगाने वाले को निम्नलिखित में से किसी द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया है:<br>पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान सरकारी विभाग, पीएसयू, संगठन, | हां /नहीं | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | निजी संस्थान, शैक्षणिक संस्थान, स्वायत्त संस्थान।<br>(डी) पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान बोलीदाता का कोई भी अनुबंध अवधि समाप्त होने से पहले समाप्त नहीं किया गया है। | | | |
| 11 | कोई अन्य जानकारी जो बोलीदाता अनुबंध और वर्तमान बोली से संबंधित प्रस्तुत करना चाहता है। | हां /नहीं | | |

## <u>घोषणा</u>

1. हमने निविदा दस्तावेज़ की सावधानीपूर्वक जांच की है और उसमें बताए गए सभी नियमों और शर्तों के अनुरूप उपरोक्त कार्य के लिए अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं।
2. हम घोषणा करते हैं कि हमने निविदा दस्तावेज़ में दिए गए प्रत्येक नियम और शर्तों और कार्य के दायरे को ध्यान से पढ़ा है और साइट का भौतिक/स्पॉट मूल्यांकन करके इसे समझा है। हम बिना किसी शर्त या विचलन के अपनी स्वीकृति स्वीकार करते हैं।
3. हम बोली खोलने की तारीख से 180 दिनों की अवधि के लिए बोली को वैध रखने के लिए सहमत हैं और यह हमारे लिए बाध्यकारी होगा और इस अवधि की समाप्ति से पहले किसी भी समय स्वीकार किया जा सकता है।
4. हम समझते हैं कि यदि यह बोली स्वीकार कर ली जाती है और काम हमें दे दिया जाता है, तो हम इसे स्वीकार करते हैं और निविदा दस्तावेज़ के सभी/किसी भी नियम और शर्तों का पालन करने के लिए सहमत हैं।
5. हम समझौते की अवधि के दौरान निविदा दस्तावेज़/अनुबंध को अधूरा छोड़ने या किसी भी तरह से समझौते के नियमों और शर्तों का उल्लंघन करने पर निष्पादन सुरक्षा जमा राशि को जब्त करने के लिए अपनी अपरिवर्तनीय सहमति देते हैं।
6. जब तक किसी औपचारिक समझौते को औपचारिक रूप नहीं दिया जाता है और निष्पादित नहीं किया जाता है, तब तक निविदा दस्तावेज़ या समझौता हमारी लिखित स्वीकृति के साथ या उसके बिना पार्टियों पर बाध्यकारी प्रभाव डालेगा।
7. मैं/हम अपनी सहमति देते हैं कि निविदा समिति/या संस्थान की सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा और मुझे/हमें हर तरह से स्वीकार्य होगा।

दिनांक:
स्थान:

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर ..................
नाम, पता, फोन नंबर और मुहर
..............................................
..............................................
..............................................

**अनुलग्नक - 'बी'**

**टर्नओवर का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के उद्देश्य से**
**एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर में फ्लैक्स / बैनर के कार्य हेतु**

यह प्रमाणित किया जाता है कि फर्म का नाम ..........................................................
पिछले तीन (**3**) वित्तीय वर्षों के दौरान निम्नलिखित टर्नओवर और लाभ/हानि दर्ज की गई है।

| वित्तीय वर्ष | वार्षिक कारोबार (रुपये में) | शुद्ध लाभ/हानि (रुपये में) |
|---|---|---|
| **2021- 22** | | |
| **2022 - 23** | | |
| **2023- 24** | | |

सी.ए. के हस्ताक्षर ..................
नाम, पता, फोन नंबर और मुहर
............................................
.............................................
.............................................

अनुलग्नक - 'सी'

## एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर में फ्लैक्स / बैनर के कार्य के लिए वित्तीय बोली

| S.NO. | DESCRIPTION | Qty | AMOUNT IN WORDS | AMOUNT IN FIGURES |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Flex MS Iron pipe with installation | 1 Sq. feet | | |
| 2. | Flex BB MS Iron pipe with installation | 1 Sq. feet | | |
| 3. | Eco Vinyl with 3 mm sun board | 1 Sq. In. | | |
| 4. | Eco Vinyl with 3 mm sun board both side | 1 Sq. In. | | |
| 5. | Glow sign board new | 1 Sq. Ft. | | |
| 6. | Flex Print with wooden frame | 1 Sq. Ft. | | |
| 7. | Flex Banner with pasting | 1 Sq. Ft. | | |
| 8. | Play Card (2.5x1 Sq. Ft.) Iron | 1 Pc. | | |
| 9. | Play Card (1.5x1 Sq. Ft.) Wooden | 1 Pc. | | |
| 10. | Eco Solvent Digital Vinyl with pasting | 1 Sq. Inch | | |
| 11. | Name plate Acrylic | 1 Sq. Inch | | |
| 12. | Name plate steel both side | 1 Sq. Inch | | |
| 13. | Eco Solvent Digital Vinyl with 5 mm sun board both side | 1 Sq. Inch | | |
| 14. | Eco Solvent Digital Vinyl with 5 mm sun board | 1 Sq. Inch | | |
| 15. | Radium Vinyl with pasting | 1 Sq. Inch | | |
| 16. | Backlit print with pasting & fitting old glow sign | 1 Sq. Ft. | | |
| 17. | Steel Latter | 1 sq. Inch | | |
| 18. | LED Light Letter | 1 sq. Inch | | |

**घोषणा**

1. हमने निविदा दस्तावेज़ की सावधानीपूर्वक जांच की है और उसमें बताए गए सभी नियमों और शर्तों के अनुरूप उपरोक्त कार्य के लिए अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं।

2. हम घोषणा करते हैं कि हमने निविदा दस्तावेज़ में दिए गए प्रत्येक नियम और शर्तों और कार्य के दायरे को ध्यान से पढ़ा है और साइट का भौतिक/स्पॉट मूल्यांकन करके इसे समझा है। हम बिना किसी शर्त या विचलन के अपनी स्वीकृति स्वीकार करते हैं।
3. हम बोली खोलने की तारीख से 180 दिनों की अवधि के लिए बोली को वैध रखने के लिए सहमत हैं और यह हमारे लिए बाध्यकारी होगा और इस अवधि की समाप्ति से पहले किसी भी समय स्वीकार किया जा सकता है।
4. हम समझते हैं कि यदि यह बोली स्वीकार कर ली जाती है और काम हमें दे दिया जाता है, तो हम इसे स्वीकार करते हैं और निविदा दस्तावेज़ के सभी/किसी भी नियम और शर्तों का पालन करने के लिए सहमत हैं।
5. हम समझौते की अवधि के दौरान निविदा दस्तावेज़/अनुबंध को अधूरा छोड़ने या किसी भी तरह से समझौते के नियमों और शर्तों का उल्लंघन करने पर निष्पादन सुरक्षा जमा राशि को जब्त करने के लिए अपनी अपरिवर्तनीय सहमति देते हैं।
6. जब तक किसी औपचारिक समझौते को औपचारिक रूप नहीं दिया जाता है और निष्पादित नहीं किया जाता है, तब तक निविदा दस्तावेज़ या समझौता हमारी लिखित स्वीकृति के साथ या उसके बिना पार्टियों पर बाध्यकारी प्रभाव डालेगा।
7. मैं/हम अपनी सहमति देते हैं कि निविदा समिति/या संस्थान की सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा और मुझे/हमें हर तरह से स्वीकार्य होगा।

दिनांक:
स्थान:

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर ..................
नाम, पता, फोन नंबर और मुहर
............................................
..............................................
..............................................
............................................